प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 28.07.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- लोकसभा में आज जारी है ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा।

- मानव तस्करी के आरोप में दुर्ग रेलवे स्टेशन से दो ननों की गिरफ्तारी के मामले में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रलोभन के माध्यम से मतांतरण करने की कोशिश की जा रही थी।

- आगामी चार नवंबर को प्रदेशभर में गौ—विज्ञान परीक्षा आयोजित की जाएगी—मुख्यमंत्री ने आज इस अभियान का किया शुभारंभ।

- सावन सोमवार के अवसर पर आज मुख्यमंत्री ने भोरमदेव मंदिर पहुंचने वाले कावड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की।

**लोकसभा—ऑपरेशन सिंदूर**

लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा शुरू हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू—कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरूद्ध इस कार्रवाई को भारत की सशक्त, सफल और निर्णायक सैन्य कार्रवाई बताया है। चर्चा की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश की संप्रभुता, भारत की पहचान और नागरिकों के प्रति सरकार के कर्तव्य तथा आतंकवाद के विरुद्ध भारत की कड़ी नीति का एक प्रभावी और निर्णायक प्रदर्शन था।

रक्षामंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों में अपने प्रियजनों को खोने वाले निर्दोष परिवारों को न्याय दिलाने के लिए शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि इस सैन्य अभियान का उद्देश्य आतंकवादी ठिकानों और उनके शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट करना था। इसके माध्यम से पाकिस्तान को यह भी स्पष्ट संदेश दिया गया कि भारत, आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।

## <u>मुख्यमंत्री–मतांतरण</u>

मानव तस्करी के आरोप में दुर्ग रेलवे स्टेशन से दो ननों को गिरफ्तार किए जाने के मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि इस मामले में प्रलोभन के माध्यम से मानव तस्करी करके मतांतरण किए जाने की कोशिश की जा रही थी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित गंभीर मामला है। इस मामले में अभी जांच जारी है और कानून अपने हिसाब से काम करेगा।

गौरतलब है कि हाल ही में पुलिस ने दुर्ग रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति और दो ननों को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि वे नारायणपुर जिले की तीन महिलाओं को नर्सिंग का प्रशिक्षण और नौकरी दिलाने के नाम पर आगरा ले जा रहे थे।

## <u>‘गौ विज्ञान परीक्षा अभियान’</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण और संवर्धन समिति द्वारा आयोजित ‘गौ विज्ञान परीक्षा अभियान’ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अभियान के पोस्टर का अनावरण भी किया।

इस अवसर पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी ने बताया कि आगामी चार नवम्बर को प्रदेशभर में गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा का उद्देश्य जनसामान्य में गौवंश के महत्व, पारिस्थितिक तंत्र में उसकी

भूमिका, ग्लोबल वार्मिंग की रोकथाम में योगदान तथा पंचगव्य के वैज्ञानिक पक्षों के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देना है। इस परीक्षा में प्रथम पुरस्कार के तहत इंक्यावन हजार रूपए दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

## न्यायिक अधिकारी–सेमिनार

छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा रायपुर संभाग के न्यायिक अधिकारियों के लिए एक दिवसीय संभागीय न्यायिक सेमिनार का आयोजन रायपुर में किया गया। इस सेमिनार में रायपुर संभाग के चार जिलों के एक सौ छब्बीस न्यायिक अधिकारियों ने भाग लिया। इस सेमिनार का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका कानून के शासन को बनाए रखने और समाज के सभी वर्गों के लिए न्याय सुनिश्चित करने में एक आधारभूत भूमिका निभाती है।

## जवान–रक्षा सूत्र

भारतीय जनता पार्टी सैन्य प्रकोष्ठ ने सीमा पर देश की सुरक्षा के लिए तैनात जवानों के लिए राखियां भेजी हैं। कल रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह राणा ने बताया कि रक्षासूत्र यात्रा के तहत ये राखियां सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, जगदलपुर और रायपुर जिलों से एकत्रित की गई हैं। ये राखियां पूर्व सैनिक संगठन 'सिपाही' के अभियान 'ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र' के तहत देश के विभिन्न राज्यों के शहरों से गुजरकर रक्षाबंधन से पहले दिल्ली पहुंचेगी। दिल्ली से ये राखियां सेना के जवानों तक पहुंचाई जाएंगी।

## किसान–प्रदर्शन

बालोद जिले के डौण्डीलोहारा में खाद की कमी को लेकर बड़ी संख्या में किसानों ने आज धरना–प्रदर्शन और चक्काजाम किया। इस आंदोलन में आठ सेवा सहकारी समितियों के किसान, स्थानीय किसान संघ के पदाधिकारी, और ग्राम पंचायतों के सरपंचों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। किसानों ने कहा कि प्रशासन द्वारा उन्हें सत्ताईस जुलाई तक खाद की आपूर्ति का आश्वासन मिला था, लेकिन अब तक उन्हें खाद नहीं मिल पाई है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि खाद की आपूर्ति तत्काल शुरू नहीं हुई, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**<u>सावन–सोमवार</u>**

सावन महीने के तीसरे सोमवार पर आज प्रदेश के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। सभी वर्ग के लोग भगवान भोलेनाथ की पूजा–अर्चना करने के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। दूर–दूर से कावड़िये भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए मंदिर पहुंचे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कबीरधाम जिले के भोरमदेव मंदिर पहुंचने वाले कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा भी मौजूद थे। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब मुख्यमंत्री स्वयं श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए भोरमदेव पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने भोरमदेव मंदिर पहुंचकर पूजा–अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

श्री साय ने अमरकंटक से एक सौ इंक्यावन किलोमीटर की पदयात्रा कर भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने वाली पंडरिया विधायक भावना बोहरा को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बताया कि स्वदेश दर्शन योजना के तहत भोरमदेव कॉरीडोर विकास के लिए एक सौ छियालीस करोड़ रूपए की परियोजना को मंजूरी दी गई है।

**<u>सावन–सोमवार–02</u>**

उधर, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के प्रसिद्ध ज्वालेश्वर महादेव मंदिर में भी दूर–दूर से कावड़िए जलाभिषेक के लिए पहुंचे। 'बोल बम' और 'हर हर महादेव' के उद्घोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में सावन झूले का शुभारंभ हो गया है। महंत रामसुंदर दास से पूजा–अर्चना कर सावन झूले की शुरूआत की।

**<u>जिला अध्यक्ष–घोषणा</u>**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बालोद, गरियाबंद और दंतेवाड़ा के जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। बालोद में चेमन देशमुख, गरियाबंद में अनिल चन्द्राकर और दंतेवाड़ा में संतोष गुप्ता भाजपा जिला अध्यक्ष बनाए गए हैं।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने बेमेतरा प्रवास के दौरान नगर पंचायत दाढ़ी में एक सौ दो करोड़ रूपए से अधिक के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

नागपंचमी का पर्व कल मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को नागपंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता के प्रति हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है।

ग्लोबल टाइगर डे के अवसर पर कल राज्य के टाइगर रिजर्व्स, चिड़ियाघरों और वन्यजीव स्थलों में बाघ संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी पर जागरूकता आधारित कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा।

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज रायगढ़ जिले के जनपद पंचायत पुसौर में नवीन उप पंजीयक कार्यालय का शुभारंभ किया।

नीट—यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय काउंसिलिंग की प्रक्रिया कल उनतीस जुलाई से शुरू होगी। यह प्रक्रिया चार चरणों में ऑनलाइन होगी।

कोरबा जिले के पाली—दीपका मार्ग पर आज एक मोटर साइकिल के अनयंत्रित होकर पलट जाने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं।

**संक्षिप्त—02**

भिलाई में एक महिला से डिजिटल माध्यम से बारह लाख रूपए से अधिक की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को फतेहपुर से गिरफ्तार किया है।

दुर्ग जिले की जामुल पुलिस ने नौ लाख रूपए से अधिक कीमत की हेरोइन के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गौरेला पेण्ड्रा–मरवाही जिले के टिकरकला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में तीस जुलाई को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प के माध्यम से दो सौ तीस विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

समाज कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से कल रायपुर में कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में पन्द्रह साल या उससे अधिक आयु के लोग हिस्सा ले सकते हैं।

बस्तर जिले के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद पर भर्ती के लिए ग्यारह अगस्त तक आवेदन किए जा सकते हैं। इन पदों पर एक वर्ष के लिए मासिक मानदेय पर भर्ती की जाएगी।

खरीफ मौसम में उद्यानिकी फसलों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराने के इच्छुक किसान इकतीस जुलाई तक अपना आवेदन दे सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>